आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.05.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्यवाही रोकने पर सहमत।
- मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर।
- प्रदेश में आज नेशनल लोक अदालत में कई प्रकरणों का हुआ निराकरण।
- राज्य में मौसम में लगातार उतार–चढ़ाव, 40 से अधिक जिलों में आंधी और हल्की बारिश का अलर्ट।

भारत पाक संघर्ष विराम

भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने नई दिल्ली में इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य ऑपरेशन महानिदेशक ने आज दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया जिसके बाद चर्चा हुई और यह सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। किसी अन्य मुद्दे पर किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है।

"ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज"

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज" के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। आज भोपाल में आयोजित "मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र अंतर्राज्यीय नियंत्रण मंडल" की 28वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विकास का नया आयाम स्थापित करेगी।

वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना दुनिया का एक अजूबा है। इस परियोजना से दोनों राज्यों की लाखों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

क्रांति दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 मई 1857 की ऐतिहासिक क्रांति दिवस पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों और देशभक्तों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जब मां भारती की स्वतंत्रता का बिगुल पहली बार फूंका गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि आज उन सभी विभूतियों, सेनानियों और पराक्रमी शूरवीरों को कोटि-कोटि नमन,

उत्तराखंड–चारधाम यात्रा

हवाई यातायात नियंत्रण–एटीसी से पुनः अनुमति मिलने के बाद उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के लिए हेलिकॉप्टर सेवा शुरू कर दी गई है। एटीसी ने देश में सभी हवाई यात्रा की समीक्षा की है। केदारनाथ हेली सेवा अनुमति न मिलने के कारण कुछ घंटों के लिए बंद थी। अब यह सुचारू रूप से चल रही है।

लोकार्पण

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज सीहोर जिले के ग्राम पिपलानी में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुये। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बुधनी एवं भैरूंदा जनपद के 170 करोड़ 42 लाख रुपये से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी, लाडली बहना और कन्यादान योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाएं बखूबी संचालित हो रही हैं।

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना है।

लोक अदालत

प्रदेश में आज उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों, कुटुंब न्यायालयों और अन्य न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ । मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित दीवानी और आपराधिक मामलों के साथ–साथ बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर जैसे प्री–लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामलों

का निराकरण किया गया। भोपाल,जबलपुर,शिवपुरी,नर्मदापुरम, सहित राज्य के अन्य जिलों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

## दुर्घटना

सागर के नरयावली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में बस में सवार 12 से ज्यादा बाराती घायल हुए हैं। जिन्हें सीहोरा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## मौसम

प्रदेश में लगातार मौसम में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मौसम केन्द्र ने अगले 24 घंटों के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन–जबलपुर समेत प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में आंधी, हल्की बारिश और गरज–चमक का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में दो सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम बदला है। 13 मई तक हल्की बारिश, गरज–चमक की स्थिति बनी रहेगी।

## खेलो इंडिया दिल्ली-निशानेबाजी

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में, नई दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में अंतिम दिन निशानेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल के फाइनल में दिल्ली की नाम्या कपूर ने 27 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की अंजलि महेंद्र भागवत ने 26 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। राजस्थान की खानकव्यास ने 19 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

## समाचार संक्षेप

- आगरमालवा जिले के सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में लोकगीतों, लोककलाओं एवं रीति–रिवाजों का भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में योगदान विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित हुआ।
- धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में आज आपदा प्रबंधन समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने पीथमपुर के नागरिक क्षेत्रों और उद्योगों क्षेत्र में औद्योगिक संयंत्रों का निरीक्षण सुरक्षा प्रणालियों को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गुना जिले में गंभीर बीमारियों से पीड़ित 14 बच्चों को ग्वालियर के अग्रवाल हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।
- नीमच जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।
- गुना जिले में अलग–अलग हादसों में 3 लोगों की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- भारत और पाकिस्तान सैन्य कार्यवाही रोकने पर सहमत।
- मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर।
- प्रदेश में आज नेशनल लोक अदालत में कई प्रकरणों का हुआ निराकरण।
- राज्य में मौसम में लगातार उतार–चढ़ाव, 40 से अधिक जिलों में आंधी और हल्की बारिश का अलर्ट।

....................